राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्य सचिव की मुलाकात

जयपुर, 04 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राज भवन में राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव श्री राजीव स्वरूप ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्य सचिव श्री राजीव स्वरूप की यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

गुरू पूर्णिमा पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 04 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरू पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि ''गुरू पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन गुरू की पूजा की जाती है। शिष्यों को सद्मार्ग पर लाना ही गुरू को गुरू के पद पर प्रतिष्ठित करता है। हमें युवा पीढ़ी को सिखाना है कि वे अपने अध्यापकों का सम्मान करें। उनके दिखाये मार्ग पर चले और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभायें।''

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान